an>

Title: Need to increase Minimum Support Price for paddy to farmers of Gadchiroli, Chandrapur, Bhandara and Nagpur in Vidharbha region of Maharashtra .

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): महोदया, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। महाराÂट्र के विदर्भ क्षेत्र में चन्द्रपुर, गढ़चिरोली, भंडारा, गोंदिया तथा नागपुर का कुछ भाग आता है, मैं इन जिलों की तरफ आपका ध्यान आकरÂिात करना चाहता हूँ। यह धान की फसल लेने वाला क्षेत्र है। विगत वÂाऩ के दौरान अतिवृÂिट की वजह से धान की फसल को भारी क्षति हुई और किसानों को धान का लाभकारी मूल्य भी नहीं मिल पाया था। इस वÂाऩ कम वÂााऩ होने की वजह से धान की बुआई पर बुरा असर पड़ा हुआ है और इसकी वजह से धान कृÂाकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अध्यक्ष महोदया, इस वÂाऩ भी बेमौसम तथा कम बारिश होने से किसान चिन्ता में है। विगत वÂाऩ किसानों की जो फसल आई है, उसे बाज़ार में पर्याप्त मूल्य न मिलने के कारण किसानों के घर तथा गोदाम में माल पड़ा हुआ है। किसान अगर धान बेचना चाहे तो व्यापारियों को कौड़ियों के मोल बेचना पड़ता है। इस स्थिति में किसान भारी असंतोÂा में है। अगर किसानों की फसल का सही दाम नहीं मिल पाया तो किसानों को आत्महत्या करने की नौबत भी आ सकती है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसानों को उत्पादन खर्च के आधार पर सरकार न्यूनतम लाभकारी मूल्य प्रति क्विंटल 2500 रुपये देने की घोÂाणा करे जिससे धान उत्पादक कृÂाकों को राहत मिल सके। धन्यवाद।